MAHD-09

December - Examination 2025
M.A. (Final) Examination
HINDI
लोक साहित्य
Paper : MAHD-09

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
   - (i) लोकवार्ता और लोकमानस में प्रमुख अंतर बताइए।
   - (ii) लोकसंस्कृति की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
   - (iii) राजस्थानी लोक साहित्य की किसी एक कथानक रूढ़ि का नाम लिखिए।
   - (iv) अभिजात्य साहित्य की दो न्यूनताओं का उल्लेख कीजिए।
   - (v) 'रम्मत' क्या है?
   - (vi) बगड़ावत की लोकगाथा किस समुदाय में विशिष्ट स्थान रखती है?
   - (vii) लोक कला मण्डल का प्रमुख कार्य क्या है?
   - (viii) खड़ी बोली लोकसाहित्य की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. 'कथामानक' किसे कहते हैं? उसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. लोक साहित्य और अभिजात्य साहित्य की तुलना कीजिए।
4. राजस्थान के प्रमुख लोकनाटक कौनसे हैं? संक्षिप्त परिचय दीजिए।
5. तेजाजी की लोकगाथा पर एक आलेख लिखिए।
6. राजस्थानी लोकसाहित्य में नैतिक मूल्यों का समावेश किस सीमा तक हुआ है? लिखिए।
7. हरियाणवी लोक साहित्य में पशुपालन से प्रभावित जीवन शैली की उपस्थिति पर टिप्पणी लिखिए।
8. 'ख्याल', 'गवरी' और 'गैर' में अंतर बताइए।
9. लोकगाथाओं के नायक तत्त्व पर टिप्पणी लिखिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. लोकसाहित्य का अन्य समाज विज्ञानों से संबंध बताइए।
11. पाबूजी की लोकगाथा के सांस्कृतिक महत्त्व को रेखांकित कीजिए।
12. मालवी और ब्रज लोकसाहित्य की विषय–वस्तु में ग्रामीण–जीवन की सुंदरता को स्पष्ट कीजिए।
13. 'राजस्थान की लोककला' के वर्तमान परिदृश्य की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिए।